# अभियान गाइड

## 2022

लाखों कारण 6 अक्तूबर

विश्व प्रमस्तिष्क पक्षाघात दिवस



# विषय-सामग्री


| | |
|---|---|
| विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के बारे में | 3 |
| इस साल के अभियान के बारे में | 4 |
| कैसे शुरुआत करें | 7 |
| उदाहरण संदेश (मैसेजिंग) | 8 |
| संलग्नता के विचार | 15 |
| मीडिया के ध्यानाकर्षण के लिए सुझाव | 19 |
| संसाधन सूची | 20 |
| संपर्क | 21 |

# विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस के बारे में

6 अक्तूबर को मनाया जाने वाला विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस, 100 से अधिक देशों में सेरेब्रल पाल्सी से पीड़ित व्यक्तियों, उनके परिवारों, सहयोगियों, समर्थकों और संगठनों को एकजुट करता है। इसका उद्देश्य ऐसे भविष्य को सुनिश्चित करना है जिसमें सेरेब्रल से पीड़ित बच्चों और वयस्कों को हमारे समाज में अन्य व्यक्तियों के समान अधिकार, पहुंच और अवसर मिलें।



# इस साल के अभियान के बारे में

इस विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर, हम सुगम टेक्नोलॉजी में अगली सफलता की तलाश में हैं और इसमें हमारी मदद उस सेरेब्रल पाल्सी समुदाय से बेहतर कोई नहीं कर सकता जो कि रचनात्मक विचारों और जीवंत अनुभव वाले लाखों व्यक्तियों से बना है।

हम सेरेब्रल पाल्सी वाले सभी लोगों, आपके मित्रों, परिवार, समर्थकों को आपके सबसे साहसी सुगम टेक्नोलॉजी संबंधी विचारों को साझा करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं। प्रत्येक सबमिशन (प्रस्तुति) पर $5,000 (USD) जीतने का मौका है।

**आपके विचारों से अनुसंधान और टेक्नोलॉजी समुदाय को बेहतर तथा अधिक सुगम टेक्नोलॉजी समाधान (टेक्नोलॉजी सोल्यूशन) डिज़ाइन करने के लिए प्रेरित करने में मदद मिलेगी।**

**अधिक जानकारी के लिए, 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' यहाँ पढ़ें।**

## यह विषयवस्तु (थीम) क्यों?

पूरे विश्व में 1 बिलियन से अधिक विकलांग व्यक्ति हैं। इसके बावजूद, हम अभी भी विश्व के एक ऐसे दौर में हैं जिसे सुगम नहीं बनाया गया है जहां उत्पाद डिज़ाइनर और टेक्नोलॉजी उद्योग विकलांग व्यक्तियों की विशिष्ट जरूरतों को प्रायः अनदेखा करते हैं।

# तो यह कैसे काम करता है?

**1** सुगम टेक्नोलॉजी समाधानों (एक्सेसिबल टेक्नोलॉजी सोल्यूशन) के लिए अपने विचार **ideas.worldcpday.org** पर गुरुवार 29 सितंबर, 2022 (UTC के अनुसार सुबह 6 बजे) तक प्रस्तुत करें।

**2** ideas.worldcpday.org. पर अपने पसंदीदा विचारों के लिए वोट करें। वोटिंग गुरुवार 29 सितंबर, 2022 (UTC के अनुसार सुबह 6 बजे) शुरू होगी और गुरुवार 6 अक्तूबर, 2022 (UTC के अनुसार रात 11 बजे) समाप्त होगी।

**3** निर्णायक पैनल (आप द्वारा वोट किए गए) चुनिंदा विचारों की समीक्षा करेगा और जरूरत, प्रभाव, पहुंच और विपणन क्षमता के आधार पर एक विचार का चयन करेगा तथा विजेता को $5,000 (USD) नकद पुरस्कार प्राप्त होगा।

**4** विजेता की घोषणा Facebook और Instagram के माध्यम से 14 अक्तूबर 2022 तक की जाएगी। विजेता से ईमेल के माध्यम से संपर्क किया जाएगा।

अधिक जानकारी के लिए हमारे **नियम एवं शर्तें** पढ़ें।

# हम किस तरह के विचारों की तलाश कर रहे हैं?

किसी भी टेक्नोलॉजी के लिए ऐसे अभिनव विचार जो गतिशीलता, संचार, कार्य के भविष्य, समावेशी खेल, विकलांग व्यक्तियों के लिए सुगम घरों और समुदायों को बेहतर बनाने में मदद कर सकते हैं। यह कोई उत्पाद, ऐप या सॉफ्टवेयर हो सकता है।

विचार मौलिक होने चाहिए, इसलिए अपने फॉलोअर्स को अपने विचार प्रस्तुत करने से पहले थोड़ा अनुसंधान करने के लिए प्रोत्साहित करें जिससे यह सुनिश्चित हो सके कि ये पहले से मौजूद नहीं हैं।

निर्णायक मंडल जरूरत, प्रभाव, पहुंच और विपणन क्षमता के आधार पर विचारों का मूल्यांकन करेगा।

अधिक जानकारी के लिए, 'अक्सर पूछे जाने वाले प्रश्न' यहाँ पढ़ें।



# अपना अभियान कैसे शुरू करें

अभियान संबंधी नवीनतम जानकारी पाते रहने के लिए हमें फॉलो करें

Facebook, Twitter और Instagram पर हमारा हैंडल **@worldcpday** है। हम आपको हमारे पोस्ट साझा करने और हमारी सामग्री का दोबारा उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।

अपना अभियान संदेश **पृष्ठ 9 - 14** पर दिए गए नमूनों के आधार पर तैयार करें।

सोशल मीडिया पर पोस्ट करें और **#MillionsOfReasons** और **#WorldCPday** का उपयोग करना न भूलें।

**worldcpday.org/resources** पर पृष्ठ 20 पर सूचीबद्ध संसाधनों को डाउनलोड करें

# अभियान संदेश

**#MillionsOfReasons** अभियान के लिए 5 प्रमुख संदेश हैं:

**1.**

अपने फॉलोअर्स को अभियान के बारे में बताएं

**2.**

अपने फॉलोअर्स को 29 सितंबर तक अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित करें

**3.**

अपने फॉलोअर्स को 6 अक्तूबर तक विचारों के लिए वोट करने हेतु प्रोत्साहित करें

**4.**

अपने फॉलोअर्स को सुगम टेक्नोलॉजी की आवश्यकता के संबंध में जानकारी दें

**5.**

अपने फॉलोअर्स को अभिनव टेक्नोलॉजी के उदाहरणों से प्रेरित करें।

आप निम्नलिखित पृष्ठों पर सोशल मीडिया के लिए नमूना पोस्ट का विवरण देख सकते हैं।

हमें अपने **@WorldCPday** पोस्टों में जरूर टैग करें तथा **#MillionsOfReasons** और **#WorldCPDay** हैशटैग का उपयोग करें।

# अपने फॉलोअर्स को अभियान के बारे में बताएं




सेरेब्रल पाल्सी समुदाय रचनात्मक विचारों और जीवंत अनुभव वाले लाखों व्यक्तियों से मिलकर बना है। इस विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर बेहतर, अधिक सुगम टेक्नोलॉजी समाधान तैयार करने में सहायता करने के लाखों कारण हैं।

$5,000 (USD) जीतने का मौका पाने के लिए ideas.worldcpday.org पर अपने सबसे नवीन तकनीकी विचारों को जोड़ें।

#MillionsOfReasons #WorldCPDay

# अपने फॉलोअर्स को 29 सितंबर तक अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित करें






# अपने फॉलोअर्स को 29 सितंबर तक अपने विचार प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित करें



# अपने फॉलोअर्स को 6 अक्तूबर तक विचारों के लिए वोट करने हेतु प्रोत्साहित करें




सुगम तकनीक में अगली सफलता तलाशने में हमारी सहायता करें। सेरेब्रल पाल्सी समुदाय द्वारा प्रस्तुत किए गए सभी विचारों को देखने के लिए ideas.worldcpday.org पर जाएं और 6 अक्तूबर तक अपने पसंदीदा विचार को वोट करें।

वोटिंग अब खुली है और गुरुवार 6 अक्तूबर UTC के अनुसार रात 11 बजे को समाप्त होगी #MillionsOfReasons #WorldCPDay

# अपने फॉलोअर्स को 6 अक्तूबर तक विचारों के लिए वोट करने हेतु प्रोत्साहित करें




## कैरोसेल (Carousel) पोस्ट

सेरेब्रल पाल्सी और अन्य विकलांगताओं वाले बहुत से लोगों के लिए, टेक्नोलॉजी बड़ा परिवर्तन ला सकती है। हमें ऐसी टेक्नोलॉजी के और अधिक उदाहरण देखने की जरूरत है जो विकलांग तथा गैर-विकलांग व्यक्तियों द्वारा सार्वभौमिक रूप से सुगम हो। ideas.worldcpday.org पर जाएं और $5,000 (USD) जीतने का मौका पाने के लिए अपने सुगम तकनीकी विचार जोड़ें!

#MillionsOfReason #WorldCPday

# अपने फॉलोअर्स को अभिनव टेक्नोलॉजी के उदाहरणों के साथ प्रेरित करें।




क्या आपने Wayband ऐप और रिस्टबैंड के बारे में सुना है? यह केवल कंपन (वाइब्रेशन) का उपयोग करके उपयोगकर्ताओं का उनके गंतव्य तक मार्गदर्शन करता है। यह आईज-फ्री, इयर्स-फ्री और हैंड्स-फ्री नेविगेशन अनुभव है। यह केवल इसका एक उदाहरण है कि तकनीक संबंधी नवीनता किस प्रकार विकलांग व्यक्ति का जीवन बदल सकती है! $5,000 (USD) जीतने का मौका पाने के लिए अपने सबसे नवीन तकनीकी विचारों को ideas.worldcpday.org पर जोड़ें!

#MillionsOfReasons #WorldCPDay

# अपने दर्शकों से बातचीत के लिए विचार



**व्यक्तिगत रूप से या वर्चुअल वर्कशॉप**

समुदाय के साथ विचार निर्मित करें।



**विचार प्रस्तुत करने के इवेंट्स**

नए सुगम तकनीकी विचारों को साझा करें।



**वोटिंग दिवस के कार्यक्रम**

अभियान में प्रस्तुत किए गए विचारों के लिए वोट करें।



# लाखों विचार (Millions of Ideas) कार्यशाला

विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस की तैयारी में, समुदाय को एक साथ आने और एक कार्यशाला में विचार सृजित करने के लिए आमंत्रित करें। यह वर्चुअल रूप से या व्यक्तिगत रूप से किया जा सकता है।

आपकी कार्यशाला की गतिविधियों से लोगों को उनके द्वारा संभव सबसे बड़े और बेहतरीन विचार लेकर आने में मदद मिलनी चाहिए। हमारे पास यहाँ वेबसाइट पर विचार-विमर्श प्रारंभ करने वाले बिंदु हैं।



# विचार प्रस्तुत करना

लाइव-इन पर्सन ईवेंट जहाँ सेरेब्रल पाल्सी समुदाय के प्रतिभागी अपने नए सुगम तकनीकी विचार प्रस्तुत कर सकते हैं।

हमारे पास सेरेब्रल पाल्सी को प्रभावित करने वाले ऐसे व्यक्तियों का पैनल है जो इस विचार तथा इस बारे में बात करते हैं कि उन्होंने इसे जीवन में किस प्रकार आते हुए देखा।

दर्शकों को कार्यक्रम को समाप्त करने के लिए अपना वोट डालने के लिए कहा जाता है!

यह व्यक्तिगत रूप से, या वर्चुअल ईवेंट के रूप में हो सकता है।



# वोटिंग दिवस का कार्यक्रम

विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस पर समुदाय को अपने पसंदीदा विचारों के लिए वोट देने के लिए एक साथ लाएं।

आप मतदान केंद्र स्थापित कर सकते हैं जहाँ लोग आईपैड का उपयोग करते हुए अपना वोट डाल सकें और उन लोगों को भाषण देने के लिए आमंत्रित कर सकते हैं जिन्होंने विचार प्रस्तुत किया था।

यदि आप इसे ऑनलाइन सक्रिय करना चाहते हैं - तो बस तात्कालिकता की भावना पैदा करने और लोगों को वेबसाइट के माध्यम से वोट करने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए प्रदान किए गए सोशल मीडिया ग्राफिक्स का उपयोग करें।

# मीडिया कवरेज प्राप्त करने के लिए सुझाव

अभियान को कवर करने के लिए पारंपरिक मीडिया आउटलेट प्राप्त करना आपकी पहुंच को बढ़ाने में मदद करेगा।

सबसे पहले, हम आपको अपने क्षेत्र में काम करने वाले ऐसे पत्रकारों की पहचान करने की सलाह देते हैं जिन्होंने अतीत में सेरेब्रल पाल्सी पर रिपोर्ट की है – इसका तात्पर्य यह हो सकता है कि वे इस पर दोबारा रिपोर्ट करने के लिए तैयार हैं।

इसके बाद, उन्हें अभियान के बारे में सूचित करने के लिए प्रदान किए गए मीडिया रिलीज़ टेम्पलेट का उपयोग करें। हम आपको इस मीडिया रिलीज़ को अपने स्थानीय संदर्भ, लक्षित प्रकाशन और अपेक्षित दर्शकों के लिए और अधिक प्रासंगिक बनाने के लिए इसे अनुकूलित (कस्टमाइज़) करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं।



# संसाधन

हमारे पास ऐसी परिसंपत्तियाँ मौजूद हैं जिनका उपयोग आपके विश्व सेरेब्रल पाल्सी दिवस अभियान की योजना बनाने में किया जा सकता है। निम्न को डाउनलोड करने के लिए worldcpday.org/resources पर जाएं। इनमें से प्रत्येक का 16 भाषाओं में अनुवाद किया जाएगा ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि हमारा संदेश व्यापक रूप से फैल सके।

- Millions of Reasons (लाखों कारण) का लोगो
- 2 x पोस्टर
- 8 x Instagram या Facebook के लिए सोशल टाइल्स
- 1 x Facebook हेडर
- मीडिया रिलीज़ टेम्पलेट
- शैक्षिक सामग्री में निम्नलिखित शामिल हैं:
  1. सेरेब्रल पाल्सी इन्फोग्राफिक क्या है
  2. सेरेब्रल पाल्सी स्लाइड शो क्या है
  3. निदान और उपचार पोस्टर
  4. मेरे पसंदीदा शब्द पोस्टर



# हमसे संपर्क करें

यदि आपको अपने अभियान को सक्रिय करने के तरीके के बारे में किसी भी मार्गदर्शन या सुझाव की आवश्यकता है, तो कृपया हमसे **contact@worldcpday.org** पर संपर्क करें